# भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद
## आजाद भवन, आई पी इस्टेट, नई दिल्ली - 110002

## निविदा आमंत्रण सूचना
## (केवल ई टेंडर के माध्यम से)

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद गत 43 वर्षों से हिंदी द्विमासिक पत्रिका गगनांचल का प्रकाशन कर रही है। गगनांचल पत्रिका के प्रकाशन का मुख्य उद्देश्य देश-विदेश में हिंदी का प्रचार-प्रसार करना तथा पत्रिका के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करना है।

परिषद द्वारा प्रकाशित हिंदी द्विमासिक पत्रिका गगनांचल को ई - पत्रिका किया जाना है। परिषद ई पत्रिका हेतु संलग्न विशेष विवरण (Specifications|) एवं नियम व शर्तों के साथ ऑपन निविदा आमंत्रित करती है।

**निविदा संबंधी विवरण:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **निविदा संख्या** | **हिंदी/ई-पत्रिका/गगनांचल/2021** |
| 2. | दिनांक | 15/12/2021 |
| 3. | कार्य का नाम (Name of work) | हिंदी द्विमासिक पत्रिका गगनांचल का ई पत्रिका करना |
| 4. | निविदा प्रकाशन एवं डाउनलोड करने की तिथि | 15/12/2021 |
| 5. | निविदा जमा करने की आखरी तिथि | 31 /12/2021 दोपहर 12 बजे तक |
| 6. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 31/12/2021 दोपहर 3 बजे तक |

यदि आप संलग्न विशेष विवरण (Specification) अनिवार्य तकनीकी क्षमताएं और नियम व शर्तों के आधार पर आश्वस्त हैं तथा परिषद की आवश्यकताओं को समय पर पूरा करने में सक्षम हैं तो गगनांचल पत्रिका को ई पत्रिका बनाने हेतु www.tenderwizard.com/ICCREPROC पर ऑनलाइन निविदा जमा करें।

(मलकीत चंद)
निदेशक (हिंदी)
011- 23370594

## हिंदी द्विमासिक पत्रिका गगनांचल को ई पत्रिका बनाने हेतु निविदा (Quotation)

### पत्रिका का विवरण

| | |
|---|---|
| पत्रिका का नाम | गगनांचल (हिंदी द्विमासिक पत्रिका) |
| पृष्ठ संख्या | 100 (कवर पृष्ठ सहित) |

# तकनीकी बिड (Technical Bid)

(दस्तावेज को पीडीएफ फाईल पर अपलोड करें)

| क्र. सं. | दस्तावेज | फाईल के प्रकार |
|---|---|---|
| 1. | कंपनी का नाम, पता, दूरभाष नं. स्थापना की तिथि प्रोफाइल के साथ संलग्न करें। | पीडीएफ<br>Pdf |
| 2. | ई पत्रिका सारी क्षमताएं निविदाकर्ता के पास हो और एक ही पते पर उपलब्ध हों। | पीडीएफ<br>Pdf |
| 3. | एजेंसी द्वारा ई पत्रिका के नमूने की प्रति परिषद (कार्यालय) को उपलब्ध करायें। | सॉफ्ट प्रति |
| 3. | कार्य अनुभव कम से कम तीन वर्ष हो, प्रमाण पत्र/दस्तावेज संलग्न करें। | पीडीएफ<br>Pdf |

## प्राइस बिड (Price Bid)

| क्रम सं. | कार्य का विवरण<br>(हिंदी द्विमासिक पत्रिका गगनांचल को ई पत्रिका बनाना) | प्रति लिंक दर | कुल दर |
|---|---|---|---|
| 1. | कुल पृष्ठ – 100 (कवर पृष्ठ सहित ) | | |
| 2. | कुल लिंक | | |
| | कुल लागत | | |
| | सीजीएसटी | | |
| | एसजीएसटी | | |
| | कर सहित कुल लागत | | |

- कुल लागत का उल्लेख करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

नोट: निविदा प्रस्तुत करने वाली एजेंसी से अनुरोध किया जाता है कि ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करते समय निविदा दस्तावेज में निर्दिष्ट पात्रता और नियम एवं शर्तें अवश्य पढ़ें।

अनिवार्य तकनीकी क्षमताएं एवं शर्तें :

1. हिंदी द्विमासिक पत्रिका गगनांचल वर्ष 2021 के जनवरी माह से आगे प्रत्येक अंकों की ई - पत्रिका बनाई जाएगी।

2. ई-पत्रिका की प्रक्रिया के लिए मुख्य लिंक तैयार किया जाएगा जिसमें गगनांचल जनवरी 2021 से मुद्रित सभी अंक एवं भविष्य में प्रकाशित होने वाले सभी अंकों को दर्शाया जाएगा तथा ICCR मेन वेबसाइट हेतु लिंक भी दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त ई- पत्रिका के लिए अपेक्षित लिंक Gagnanchal Details, Volume No., Index Page, Previous Page, Next Page, back to index, Subscriber तथा गगनांचल पत्रिका के प्रत्येक अंक के अनुक्रम में दी गई रचनाओं तथा रचनाकारों के लिंक तैयार किए जाएंगे।

3. गगनांचल पत्रिका के प्रत्येक अंक की पीडीएफ एवं सॉफ्ट फाइल परिषद द्वारा एजेंसी को उपलब्ध करायी जाएगी तथा एजेंसी द्वारा 15 दिन के अंदर ई पत्रिका के लिए लिंक परिषद को उपलब्ध करना अनिवार्य होगा। पत्रिका की सॉफ्टकॉपी में किसी भी प्रकार के परिवर्तन/छेड़छाड़ के लिए एजेंसी जिम्मेदार होगी जिसके लिए एजेंसी की अनुबंध अवधि तत्काल समाप्त कर दी जाएगी एवं एजेंसी की परफॉरमेंस सिक्योरिटी राशि जब्त की ली जाएगी। इसके लिए परिषद द्वारा एजेंसी पर कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है।

4. अनुबंध (Contract), तकनीकी बिड में प्राप्त योग्यता (Qualifying) और न्यूनतम दर के आधार पर किया जाएगा।

5. पत्रिका के चार लिंक अतिरिक्त होने पर तथा लिंक में संशोधन के लिए एजेंसी को अतिरिक्त शुल्क का भुगतान नहीं किया जाएगा।

6. यदि एक या एक से अधिक एजेंसी द्वारा प्रस्तुत दरें समान होती हैं तो ऐसे सभी निविदा प्रस्तुत करने वाली एजेंसियों को वर्गीकृत करने का अधिकार कार्यालय का होगा।

7. निविदा में दर्शायी गई दरें **निविदा खोलने की तिथि से 90 दिन तक की वैधता (Validity)** होगी।

8. अनुबंध/निविदा किसी भी परिस्थिति में हस्तांतरणीय (Transferable) नहीं होगा।

9. निर्धारित तिथि व समय के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

10. अनुबंध (Contract) की अवधि **तीन वर्ष** की होगी।

शर्तें :

1. एजेंसियों से अपेक्षा की जाती है कि निर्धारित नियम व शर्तों को पूरा करते हुए बिना किसी शर्त के निविदा की संपूर्ण दरें प्रस्तुत करें। दरें स्पष्ट लिखी होनी चाहिए।

2. एजेंसी द्वारा कार्य में विफल होने पर वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए कार्यालय स्वतंत्र होगा।

3. सफल एजेंसी को कार्यभार सौंपे जाने से पूर्व **निष्पादन** सुरक्षा राशि (Performance Security) मौजूदा अनुबंध के लिए अनुबंध दर का 3 प्रतिशत भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद में जमा कराना अनिवार्य होगा। यह निष्पादन सुरक्षा बैंक गारंटी के रूप में होगी जिसकी अवधि तीन साल तीन महीने तक वैध होनी चाहिए। बैंक गारंटी पर परिषद द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।

4. परिषद के पास बिना कारण बताये निविदा खोलने की तारीख को आगे बढ़ाना, स्थगित करना अथवा वापिस लेने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

5. परिषद बिना करण बताये एजेंसी बदलने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

6. अग्रिम भुगतान करने का कोई प्रावधान नहीं होगा। एजेंसी द्वारा कार्य सुपुर्द करने के उपरांत, बिल प्रस्तुत करने पर बिल का भुगतान किया जाएगा।

7. निविदा में दर्शाये गये नियम व शर्तों को पूरा करना अनिवार्य है।

8. निविदा दस्तावेज में किसी भी समय संशोधन, ई सब्मिशन की समय सीमा से पहले किसी भी समय www.tenderwizard.com/ICCREPROC पर कोरिजंडम के रूप में अपलोड किया जाएगा। ऐसे संशोधन सभी निविदा प्रस्तुत करने वाली एजेंसियों के लिए बाध्यकारी होगें।

**घोषणा पत्र :**

यह प्रमाणित करता/करती हूं कि इस ई-टेंडर पर हस्ताक्षर करने से पहले मैं / हम इसे पढ़ चुके हैं और इनका पालन करने के लिए इसमें शामिल सभी नियमों और शर्तों को पूरी तरह समझ चुके हैं।

हस्ताक्षर ................................

नाम और पदनाम ....................

एजेंसी/फर्म का नाम और पूरा पता ...................................

...................................

...................................

...................................

ई-मेल व संपर्क नंबर .....................................